सरकार प्रतिबद्ध लेखाकरण का अनुसरण नहीं करती है और प्रतिबद्धताएँ न तो दर्ज की गयी हैं और न हीं प्रतिबद्धताओं के विरुद्ध देयता स्वीकृत है परंतु वित्त लेखा के परिशिष्ट XII में आगामी प्रतिबद्धता का उल्लेख किया गया है।

(ix) पास थ्रू लेन-देनः राज्य द्वारा एकत्रित प्राप्तियों की प्रकृति में पास-थ्रू लेन-देन जिन्हें अन्य इकाई को अंतरित किया जाना आवश्यक है, का खुलासा वित्त लेखे पर टिप्पणियों में किया जाता है। इनमें राज्य कैम्पा फंड में वर्ष के संग्रह का 10 प्रतिशत वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय कोष में अंतरित करना, रॉयल्टी का दो प्रतिशत राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट को अंतरित करना, श्रम उपकर संग्रह करना और सरकारी खाते में रखना तथा भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड को अंतरित करना, केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं, केंद्रीय क्षेत्र योजनाओं पर राज्य द्वारा प्राप्त केंद्रांश का सिंगल नोडल एजेंसी को अंतरण, सार्वजनिक खाते में निर्दिष्ट प्रमुख शीर्ष से एनपीएस अंशदान का नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)/ट्रस्टी बैंक में अंतरण शामिल हो सकते हैं।

2. लेखाकरण तंत्र का अनुपालनः

(i) मासिक लेखे बंद करने के बाद कोषागारों द्वारा खातों को फ्रीज न करनाः विद्यमान पद्धति के अनुसार, राज्यों द्वारा एक बार बंद किए गए और महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय को प्रस्तुत लेखे को किसी भी परिवर्तन हेतु नहीं खोला जाना चाहिए, क्योंकि इससे मासिक लेखे का गलत प्रतिनिधित्व होगा। मासिक लेखे बंदी के उपरांत कोषागारों द्वारा लेखे को फ्रीज न करने से एजी कार्यालय को मासिक लेखे जमा करने के बाद भी डेटा संशोधन की गुंजाइश रह सकती है और एजी कार्यालय और राज्य सरकार के बीच आँकड़ों/डेटा का मिलान नहीं हो सकता है। मासिक लेखे को बंद करने और उन्हें महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय को भेजने के बाद व्यापक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (सीएफएमएस) में लेखे को फ्रीज करने का प्रावधान है।

(ii) अनाधिकृत शीर्षों का संचालनः

वर्ष के दौरान राज्य सरकार द्वारा कोई अनाधिकृत शीर्ष नहीं संचालित किया गया है।

(iii) लेखा में नए उप-शीर्षों/विस्तृत शीर्षों को बिना परामर्श के खोलनाः

भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा परामर्श किए गए प्रारूप में राज्य के लेखे रखे जाने हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, बिहार सरकार ने महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय से सलाह लिए बिना या उसे सूचित किए बिना बजट में कोई नया उपशीर्ष नहीं खोला है।

(iv) बजट प्रावधानों के वर्णन में विसंगति एवं गलत वर्गीकरणः

वर्ष 2023-24 के दौरान, बजट प्रावधानों में विसंगति और गलत वर्गीकरण का कोई मामला प्रदर्शित नहीं था।

3. समेकित निधिः

(i) वस्तु एवं सेवा करः

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 1 जुलाई 2017 से लागू किया गया था। वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य का जीएसटी संग्रह वर्ष 2022-23 में जीएसटी संग्रहण ₹23,242.93 करोड़ की तुलना में ₹27,677.60 करोड़ था, इस प्रकार इसमें ₹4,434.67 करोड़ (19.08 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज हुई। इसमें ₹(-)334.80 करोड़ आईजीएसटी का अग्रिम अंश शामिल है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत राज्य को शुद्ध आगम की हिस्सेदारी में ₹34,477.56 करोड़ प्राप्त हुए। जीएसटी के अंतर्गत कुल प्राप्तियाँ ₹62,155.16 करोड़ हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य को जीएसटी के कार्यान्वयन से हुए राजस्व नुकसान के कारण ₹398.19 करोड़ की प्रतिपूर्ति प्राप्त हुई है।

(ii) राजस्व एवं पूँजीगत व्यय के बीच गलत वर्गीकरणः

(क) वर्ष 2023-24 के दौरान, पूँजीगत अनुभाग के बजाय राजस्व अनुभाग के अंतर्गत ₹0.21 करोड़ दर्ज किए गए हैं। इस गलत वर्गीकरण के कारण ₹0.21 करोड़ राजस्व व्यय को अधिक और पूँजीगत व्यय को कम दर्शाया गया है। इसके अलावा, राजस्व अनुभाग के बजाय पूँजीगत अनुभाग के अंतर्गत ₹22.53 करोड़ दर्ज किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप इस सीमा तक पूँजीगत व्यय को अधिक और राजस्व व्यय को कम दर्शाया गया है। यह गलत वर्गीकरण पिछले वर्षों से संबंधित आपत्ति पुस्तिका (ओबी) उचंत व्यय के समायोजन के कारण है। राज्य के राजस्व और पूँजीगत व्यय पर गलत वर्गीकरण का प्रभाव, पैरा 7 के अंतर्गत दिया गया है।

(ख) अन्य गलत वर्गीकरणः बिहार बजट मैनुअल 2016 के नियम 90 के अनुसार, ''विभागाध्यक्ष और उनके अधीनस्थ अधिकारी बजट आवंटन को क्षेत्र/अधीनस्थ अधिकारियों में वितरित करने के लिए जिम्मेदार हैं''।

पंचायती राज विभाग ने संकल्प संख्या 5464 दिनांक 16-05-2023 के तहत अपने नियंत्रणाधीन ग्रामीण वार्डों की 65,355 जलापूर्ति योजनाओं (मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना) को उनके सतत संचालन और रखरखाव के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया। इसने 2023-24 में संपत्ति निर्माण हेतु सहायता अनुदान के रूप में 2515-00-198-0009-31-05 शीर्ष के तहत पीएचईडी को ₹150.00 करोड़ आवंटित किए। इसे पीएचईडी के अधीनस्थ कार्य प्रभागों को उप-आवंटित किया गया है। चूँकि यह अनुदान पंचायती राज विभाग से संबंधित मांग संख्या 16 के अंतर्गत उपलब्ध है, इसलिए सिद्धांत अनुसार, सरकार का एक विभाग दूसरे विभाग इस मामले में पी.एच.ई.डी, को अनुदान नहीं दे सकता है। अनुदान संख्या 36- लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में व्यय हेतु राशि का प्रावधान होना चाहिए। वैकल्पिक रूप से पंचायती राज विभाग को डिपॉजिट कार्य हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को अधिकृत करना चाहिए। हालांकि, विस्तृत विनियोग लेखे तथा व्यय हेतु वास्तविक डेबिट से पता चलता है कि पीएचईडी, मांग-16 पंचायती राज विभाग अंतर्गत प्रमुख शीर्ष 2515 के तहत व्यय दर्ज कर रहा है। इस प्रकार, पंचायती राज विभाग को सही बजट बनाकर विसंगति को दूर करना चाहिए।

विक्रेता/कार्यान्वयन एजेंसियों को वास्तविक भुगतान प्रमाणित बिल के आधार पर किया जा रहा है, लेकिन विक्रेता को किए गए भुगतान को जीआईए के तहत वर्गीकृत किया गया है, जहाँ विक्रेता द्वारा कोई यूसी जमा करने की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार को असंगत बजट और लेखा पद्धति के बारे में सूचित कर दिया गया है।

(iii) सीसीओ और महालेखाकार (लेखा एवं हक.) के बीच प्राप्तियों और व्यय एवं राज्य द्वारा दिया गया ऋण तथा अग्रिम का सत्यापनः

सभी नियंत्री अधिकारियों को सरकार की प्राप्तियों और व्यय का मिलान महालेखाकार (लेखा एवं हक.), बिहार द्वारा लेखाकृत आंकड़ों के साथ करना आवश्यक है। वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य सरकार द्वारा ₹2,53,602.34 करोड़ (कुल प्राप्तियों ₹2,53,660.71 करोड़ का 99.98 प्रतिशत) की कुल प्राप्तियों तथा ₹1,88,201.26 करोड़ (कुल राजस्व व्यय ₹1,90,514.17 करोड़ का 98.79 प्रतिशत) के कुल राजस्व व्यय एवं ₹36,364.75 करोड़ (कुल पूँजीगत व्यय ₹36,453.02 करोड़ का 99.76 प्रतिशत) के कुल पूँजीगत व्यय का मिलान किया गया है। राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण तथा अग्रिम राशि ₹2,135.86 करोड़ (राज्य सरकार द्वारा दिए गए कुल ऋण तथा अग्रिम का 100.00 प्रतिशत) का मिलान किया गया।

इसकी तुलना में, पिछले वर्ष के दौरान राज्य सरकार द्वारा ₹1,43,135.46 करोड़ (कुल राजस्व प्राप्तियों का 82.89 प्रतिशत) की प्राप्तियों और ₹1,63,284.02 करोड़ (कुल राजस्व और पूँजीगत व्यय का 75.77 प्रतिशत) की व्यय राशि का मिलान किया गया था।

(iv) लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय तथा 800-अन्य प्राप्तियाँ अंतर्गत दर्जः

लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय तथा 800-अन्य प्राप्तियाँ को तभी व्यवहार में लाना चाहिए जब लेखे में उपयुक्त लघु शीर्ष उपलब्ध नहीं कराया गया है। लघु शीर्ष 800 के नियमित व्यवहार को निरूत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह लेखे को अस्पष्ट करता है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, लेखे के 29 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹148.77 करोड़ को लेखे में '800-अन्य प्राप्तियाँ' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था जो कुल राजस्व एवं पूँजीगत व्यय (₹2,26,967.19 करोड़) का 0.07 प्रतिशत था।

विगत वर्ष 2022-23 के दौरान, लेखे के 23 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹252.05 करोड़ को लेखे में '800-अन्य व्यय' के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था जो कुल राजस्व एवं पूँजीगत व्यय (₹2,15,496.04 करोड़) का 0.12 प्रतिशत था।

इसी प्रकार, लेखे के 40 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹1,051.31 करोड़ को लेखे में 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था जो कुल राजस्व प्राप्तियों (₹1,93,347.23 करोड़) का 0.54 प्रतिशत था।

विगत वर्ष 2022-23 के दौरान, लेखे के 41 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹732.44 करोड़ को लेखे में 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था जो कुल राजस्व प्राप्तियों (₹1,72,688.02 करोड़) का 0.42 प्रतिशत था।

(v) व्यक्तिगत जमा (पी.डी.) खाते में निधि का अंतरणः

नामित आहरण अधिकारी किसी योजना से संबंधित विशिष्ट उद्देश्यों के लिए पी.डी. खाते से व्यय करने हेतु सक्षम है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य की समेकित निधि से ₹1,160.63 करोड़ की राशि पीडी खातों में अंतरित की गयी। इसमें मार्च 2024 में अंतरित ₹230.75 करोड़ शामिल हैं, जिनमें से ₹3.76 करोड़ मार्च 2024 के अंतिम कार्य दिवस को अंतरित किए गए। 31 मार्च 2024 को केंद्र से ₹20.87 करोड़ की राशि प्राप्त हुई।

वित्त विभाग, बिहार सरकार ने अधिसूचना संख्या 2916 दिनांक 03/06/2020 द्वारा यह प्रावधान किया गया है कि 01/04/2019 से पहले के सभी पीडी खाते 01/04/2019 को सीएफएमएस प्रणाली अंतर्गत स्वतः खुले माने जाने हैं तथा 'पाँच अनुवर्त्ती वित्तीय वर्षों बाद' अव्ययित राशि समेकित निधि के संबंधित शीर्षों में वापस अंतरित की जानी चाहिए। हालाँकि, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, किसी भी कोषागार अधिकारी/प्रशासक ने संबंधित सेवा शीर्ष के अंतर्गत व्यय में कटौती के रूप में व्यपगत जमा या अव्ययित शेष राशि को समेकित निधि में वापस करने के संबंध में जानकारी प्रस्तुत नहीं की है।

बिहार कोषागार संहिता, 2011, के नियम 353 के अनुसार, 252 पीडी खातों में से 44 पीडी खातों के प्रशासकों ने कोषागार आँकड़ों के साथ अपने शेषों का मिलान तथा सत्यापन कर लिया। महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय को कोषागार अधिकारियों से 44 वार्षिक सत्यापन प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। 31 मार्च 2024 तक पी.डी. खातों से संबंधित विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

अप्रैल 2023 तक आदि शेष		वर्ष के दौरान वृद्धि		वर्ष के दौरान बंद/ निकासी		31 मार्च 2024 तक अंत शेष	
प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि
242	3,858.07*	12	1,160.67#	02	2,838.28#	252	2,180.46$

वर्ष 2023-24 के दौरान 02 व्यक्तिगत जमा खाते शून्य शेष के साथ बंद कर दिए गए।

नोट-

*भागलपुर कोषागार के संबंध में 2022-23 के अंत शेष और 2023-24 के आदि शेष का अंतर (₹3,858.07 करोड़-₹3,858.05 करोड़ = ₹0.02 करोड़) द्वारा वित्त वर्ष 2019-20 में सितंबर, अक्टूबर और फरवरी महीने के भुगतान के आंकड़ें और वित्तीय वर्ष 2020-21 में अप्रैल महीने के भुगतान के आंकड़े में परिवर्तन के कारण है।

₹1.54 करोड़ की शेष राशि वाले चार पीडी खाते सी.एफ.एम.एस. में अंतरित किये जाने हैं।

#सी.एफ.एम.एस के अनुसार धन ऋण ज्ञापन में ₹1,160.67 करोड़ की प्राप्तियाँ एवं ₹2,838.28 करोड़ के भुगतान दिखाए गए हैं।

$विवरणी संख्या-21 में मुख्यशीर्ष-8443-106 के अंतर्गत दर्शाया गया, ₹6.43 करोड़ का अंतर समाधान के अधीन है।

31 मार्च 2023 तक पी.डी. खाते से संबंधित विवरण नीचे दिया गया है

(₹ करोड़ में)

अप्रैल 2022 तक आदि शेष		वर्ष के दौरान वृद्धि		वर्ष के दौरान बंद/ निकासी		31 मार्च 2023 तक अंत शेष	
प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि	प्रशासकों की संख्या	राशि
212	4,040.21	32	1,229.60	02	1,411.76	242	3,858.05

(vi) असमायोजित संक्षिप्त आकस्मिक (एसी) विपत्रः

बिहार कोषागार संहिता, 2011, के नियम 177 में यह निदेशित है कि मांग के पूर्वानुमान अथवा बजटीय अनुदानों को व्यपगत होने से रोकने के लिए कोई धन कोषागार से नहीं निकाला जाना चाहिए। आकस्मिक परिस्थिति में, आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) संक्षिप्त आकस्मिक (एसी) विपत्रों के माध्यम से राशि निकालने के लिए प्राधिकृत हैं। बिहार कोषागार संहिता, 2011, के नियम 194 के अनुसार, डीडीओ द्वारा जिस माह में कोषागार से अग्रिम लिया गया था, उसके पूरा होने से छह महीने के भीतर अंतिम व्यय के समर्थन में प्रमाणकों (वाउचर) सहित विस्तृत आकस्मिक (डीसी) विपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

30/09/2023 तक ₹68,370.28 करोड़ की राशि के कुल 1,26,698 ए.सी. बिल की निकासी की गयी। इसमे ₹9,205.76 करोड़ की राशि के 22,130 ए.सी. बिल मार्च, 2024 के अंत तक डी.सी. बिल हेतु देय थे।

वर्ष 2023-24 के दौरान ₹4,718.24 करोड़ के कुल 5,088 ए.सी. विपत्रों में से मार्च 2024 में ₹1,041.12 करोड़ (22.06 प्रतिशत) की राशि की निकासी 1,648 ए.सी. विपत्रों द्वारा की गयी। 31 मार्च 2024 तक समायोजन हेतु देय ₹9,205.76 करोड़ (पूँजीगत व्यय हेतु ₹5,577.91 करोड़ शामिल) की राशि के कुल 22,130 ए.सी. बिलों के संबंध में डी.सी. बिल 21.06.2024 तक प्राप्त नहीं हुए थे। समायोजन हेतु देय असमायोजित ए.सी. बिलों का विवरण नीचे दिया गया है:

वर्ष	असमायोजित एसी विपत्रों की संख्या*	राशि (₹ करोड़ में)
2022-23 तक	21,646	7,120.02
2023-24	484	2,085.74
कुल	**22,130**	**9,205.76**
वर्ष	**समायोजन की नियत तिथि से पहले समायोजित ए.सी. बिलों की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
2023-24	**05**	**0.71**

एसी बिल/डीसी बिल की संख्या और संबंधित राशि में, वे बिल शामिल नहीं हैं जो एकल नोडल एजेंसियों (एसएनए) से संबंधित हैं। बिहार में, एसी बिल का उपयोग एसएनए को निधि अंतरित करने हेतु नहीं किया जाता है।

*सितम्बर 2023 तक निकासित एसी विपत्रों को लिया गया है।

नोटः वर्ष 2023-24 के दौरान, ₹1,430.56 करोड़ की राशि की कुल 939 एसी बिलों का आंशिक समायोजन हुआ है।

31 मार्च 2023 तक असमायोजित एसी बिलों का विवरणी इस प्रकार है:

वर्ष	असमायोजित एसी विपत्रों की संख्या	राशि (₹ करोड़ में)
2021-22 तक	26,574	6,450.17
2022-23	818	1,038.88
कुल	**27,392**	**7,489.05**

(vii) सहायता अनुदान के लिए उपयोगिता प्रमाणपत्र (यूसी) का प्राप्त न होना:

बिहार कोषागार संहिता, 2011, के नियम 271 के अनुसार, अनुदानग्राही द्वारा प्राप्त सशर्त सहायता अनुदान के संबंध में उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी), अनुदानग्राही को अनुदान प्राप्त करने की तारीख से 18 महीने के अंदर या उसी प्रयोजन पर आगे अनुदान हेतु आवेदन करने के पूर्व, जो भी पहले हो, अनुदान संस्वीकृत करने वाले प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं प्रस्तुत करने की स्थिति में इस बात का जोखिम है कि वित्त लेखे में उल्लेखित राशि संभवतः लाभार्थियों तक नहीं पहुँची थी।

वर्ष 2023-24 के दौरान, 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए 65,390 बकाया उपयोगिता प्रमाणपत्रों से संबंधित ₹1,57,890.29 करोड़ की राशि देय थी। इनमें से 15,741 बकाया यूसी से संबंधित ₹87,012.68 करोड़ को समाशोधित किया गया। 31 मार्च 2024 तक बकाया यूसी की स्थिति नीचे दी गई है:

वर्ष*	बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों की संख्या	राशि (₹ करोड़ में)
2022-23 तक	30,755	42,049.93
2023-24	18,894	28,827.68
कुल	**49,649**	**70,877.61**
वर्ष	**समायोजन की नियत तिथि से पहले समायोजित ए.सी. बिलों की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
2023-24	**4,118**	**26,878.72**

जीआईए बिलों/यूसी की संख्या और संबंधित राशि में वे भी शामिल हैं जो एकल नोडल एजेंसियों (एसएनए) से संबंधित हैं।

*उपर्युक्त वर्णित वर्ष 'लंबित वर्ष' से संबंधित है अर्थात् वास्तविक आहरण के 18 माह पश्चात्।

नोट: देय तिथि के बाद और देय तिथि से पहले क्रमशः ₹79,421.63 करोड़ और ₹26,087.62 करोड़ की राशि आंशिक रूप से समायोजित की गई है।

31.03.2023 तक बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों की स्थिति नीचे दी गई है:

वर्ष	बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों की संख्या	राशि (₹ करोड़ में)
2019-20 तक	16,348	52,063.17
01.04.2020 से 30.09.2021	25,407	35,884.71
कुल	**41,755**	**87,947.88**

(viii) ब्याज समायोजनः

सरकार ञ-आरक्षित निधि (क. ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ), ट-जमा तथा अग्रिम (क.ब्याज सहित जमा) के तहत शेष राशि के संबंध में ब्याज के भुगतान/समायोजन करने हेतु उत्तरदायी है और इस उद्देश्य के लिए विशिष्ट उप-मुख्य शीर्षों को मुख्य और लघु लेखा शीर्षों की सूची में स्थान प्रदान किया जाता है।

वर्ष 2023-24 के दौरान इन निधियों/जमाओं और सरकार द्वारा भुगतान किए गए ब्याज का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ *करोड़ में*)

निधि/जमा	1 अप्रैल 2023 को आदि शेष	ब्याज की गणना का आधार	बकाया ब्याज	ब्याज भुगतान	कम ब्याज भुगतान
राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि	566.71	ब्याज की गणना पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 3.35 प्रतिशत की दर से की गई है।	16.66	7.07	9.59
राज्य आपदा रिस्पॉस निधि	1,687.87	आरबीआई द्वारा ओवरड्राफ्ट पर 8.5 प्रतिशत की दर से ब्याज की गणना की जाती है (रेपो दर प्लस 2)	133.22	33.77	99.45
राज्य आपदा शमन निधि	372.02	आरबीआई द्वारा ओवरड्राफ्ट पर 8.5 प्रतिशत की दर से ब्याज की गणना की जाती है (रेपो दर प्लस 2)	53.36	6.60	46.76
कुल	**2,626.60**		**203.24**	**47.44**	**155.80**

* ब्याज की गणना प्रत्येक माह के अंत में प्रगामी शेष राशि के आधार पर लागू दरों के अनुसार की गई है।

₹155.80 करोड़ रुपये के ब्याज का भुगतान न करने के परिणामस्वरूप राजस्व व्यय कम दर्शाया गया है।

(ix) सरकार द्वारा दी गई गारंटियाँः

राज्य सरकार ने न तो गारंटी अधिनियम बनाया है और न ही गारंटी मोचन कोष बनाया है। दिनांक 1 अप्रैल 2023 को बकाया गारंटी ₹25,939.25 करोड़ (मूलधनः ₹25,256.75 करोड़ एवं ब्याजः ₹682.50 करोड़) थी।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार ने ₹26,359.34 करोड़ की गारंटियाँ जारी की तथा राज्य सरकार द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर बिहार राज्य खाद्य एवं सिविल आपूर्ति निगम लिमिटेड से प्राप्य गारंटी कमीशन ₹7.75 करोड़ था। यह वर्ष 2023-24 के दौरान गारंटीकृत राशि का 0.03 प्रतिशत है। विवरण वित्त लेखा खण्ड-। एवं ।। की विवरणी- 09 एवं 20 में क्रमशः दिया गया है।

(x) पारिस्थितिकी विज्ञान और पर्यावरण पर व्ययः

राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण पर किए गए व्यय को वित्त लेखे में विभिन्न कार्यात्मक लेखा शीर्षों के लघु शीर्ष स्तर तक दर्शाया गया है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, बिहार सरकार ने बजट आवंटन ₹912.07 करोड़ (2402: ₹176.58 करोड़, 2406: ₹728.36 करोड़ और 3435: ₹7.13 करोड़) के विरुद्ध ₹432.35 करोड़ मुख्य शीर्षों 2402 (₹59.12 करोड़),

2406 (₹370.32 करोड़) और 3435 (₹2.91 करोड़) के अंतर्गत व्यय किया है। पिछले वर्ष 2022-23 के दौरान, बिहार सरकार ने मुख्य शीर्षों 2406, 2852 और 3435 के अंतर्गत ₹1,555.05 करोड़ के बजट आवंटन के विरुद्ध ₹1,202.26 करोड़ का व्यय किया गया था।

(xi) अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं से संबंधित व्ययः

वर्ष 2023-24 के दौरान, बिहार सरकार ने राहत और सहायता के लिए राजस्व व्यय के रूप में मुख्य शीर्ष 2245 के अंतर्गत अप्रत्याशित/असाधारण घटनाओं से संबंधित राहत उपायों पर ₹674.88 करोड़ (पिछले वर्ष 2022-23 में ₹213.64 करोड़) खर्च किए।

सरकार ने इस उद्देश्य हेतु केन्द्र सरकार से ₹1,248.80 करोड़ प्राप्त किये, जो सहायता अनुदान/केन्द्रीय सहायता आदि हैं, जिनका लेखा मुख्य शीर्ष-1601 और 8121 के अंतर्गत किया गया है।

(xii) केंद्रीय ऋणों का अपलेखनः

तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर फरवरी 2012 में वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, ने केंद्रीय योजना एवं केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के प्रति 31 मार्च 2010 तक विभिन्न मंत्रालयों (स्वयं वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए अग्रिमों को छोड़कर) द्वारा राज्य सरकार को दिए गए अग्रिम ऋणों को अपलेखित कर दिया गया था। वित्त मंत्रालय ने राज्य सरकारों को आदेश लागू होने की तिथि (31 मार्च 2010) से मूलधन एवं ब्याज के अधिक भुगतान को समायोजित करने की स्वीकृति दी तथा भविष्य में वित्त मंत्रालय को पुनर्भुगतान के लिए इसे लागू किया। बिहार सरकार ने 31 मार्च 2024 तक ₹11.52 करोड़ (मूलधनः ₹5.30 करोड़, ब्याजः ₹6.22 करोड़) का अधिक भुगतान किया था, जिसमें से वित्त मंत्रालय ने अब तक ₹7.07 करोड़ का समायोजन किया है और ₹4.45 करोड़ अभी भी समायोजित किए जाने हैं।

(xiii) राज्य सरकार द्वारा दिये गये ऋणः

31 मार्च 2024 तक 23 विभागों (33 ऋणदाता संस्थाओं) से संबंधित ₹13,399.63 करोड़ के पुराने ऋणों के संबंध में, वर्ष 2014 से लंबित ऋणों सहित पिछले कई वर्षों के दौरान मूलधन की वसूली नहीं की गई है।

सांविधिक निकायों/अन्य संस्थाओं के ₹2,048.17 करोड़ के ऋणों के पुनर्भुगतान के नियम और शर्तों का निपटान नहीं किया गया है (विस्तृत विवरण वित्त लेखे खण्ड-II की विवरणी 18 के अतिरिक्त प्रकटीकरण में हैं)। परिणामतः, इस संबंध में राज्य सरकार की प्राप्तियों का अनुमान नहीं लगाया जा सका है।

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय वार्षिक रूप से ऋण शेषों (जहाँ इनके द्वारा विस्तृत खातों का रखरखाव किया जाता है) को सत्यापन और स्वीकृति के लिए संस्वीकृत करने वाले विभागों को सूचित करते हैं। 34 विभागों/ऋणदाताओं में केवल 01 ने शेष राशियों की पुष्टि की है। शेष राशि के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से प्रतीक्षित सूचना का विवरण वित्त लेखे, खण्ड-II के परिशिष्ट-VII में दिया गया है।

(xiv) वचनबद्ध देयताएँ:

बारहवें केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंसाओं के संदर्भ में, केंद्र सरकार द्वारा एक्रूअल आधारित लेखांकन की पहल की गई है। हालांकि, लेखांकन के एक्रूअल आधार में बदलाव के लिए परिवर्तन चरणबद्ध होता है तो निर्णय में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में नकद लेखांकन पद्धति में विवरणी के रूप में कुछ अतिरिक्त सूचनाएं जोड़ी जानी आवश्यक हैं। राज्य सरकार ने वित्त लेखे खण्ड-**II** के **परिशिष्ट-XII** में प्रतिबद्ध देयताओं की जानकारी प्रस्तुत की है।

(xv) केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) पर व्ययः

वर्ष 2023-24 के दौरान, 31 मार्च 2024 तक केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत दर्ज कुल व्यय ₹31,205.63 करोड़ [राजस्व व्यय (₹29,076.51 करोड़) और पूंजीगत व्यय (₹2,129.12 करोड़)] है, जिसमें केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के लिए केंद्रीय सहायता (₹18,503.96 करोड़) और राज्यांश (₹12,701.67 करोड़) में से व्यय शामिल है।

(xvi) राज्य में कार्यान्वयन करने वाले अभिकरणों/लाभार्थियों को केंद्रीय योजना निधियों का सीधे अंतरणः

सीजीए के पीएफएमएस पोर्टल के अनुसार, 2023-24 के दौरान राज्य में लाभार्थियों (एनजीओ, केंद्र सरकार के संगठन, वैधानिक संगठन, शहरी/ग्रामीण निकायों, लाभार्थियों, आदि) सहित कार्यान्वयन एजेंसियों को सीधे ₹18,618.35 करोड़ प्राप्त हुए। कार्यान्वयन एजेंसियों को निधियों का सीधे अंतरण 2022-23 की तुलना में 23.39 प्रतिशत कम हुआ है (2022-23 में ₹24,302.19 करोड़ से 2023-24 में ₹18,618.35 करोड़ तक)। विवरण वित्त लेखे के खण्ड-II के परिशिष्ट- VI में दिये गये हैं।

(xvii) राज्य सरकार की ऑफ-बजट देयताएँ तथा अंतर्निहित सब्सिडीः

ऑफ-बजट उधार उस सीमा तक सरकार का भार है जहाँ तक मूलधन और उस पर ब्याज अनिवार्य रूप से सरकारी बजट के माध्यम से राज्य इकाई को सहायता या अनुदान के रूप में दिया जाता है।

राज्य सरकार ने अपने बजट दस्तावेजों/वार्षिक वित्तीय विवरणों में ऑफ-बजट देयताएँ नहीं दर्शायी है। हालांकि, वर्ष 2023-24 में, राज्य सरकार ने ₹53.48 करोड़ बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसी) को ऑफ-बजट उधार के रूप में सूचित किया है (वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को दी गयी के अनुसार)।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार ने ऑफ बजट उधार हेतु सहायता/अनुदान के रूप में ₹268.61 करोड़ प्रदान किए, जिसमें नाबार्ड से लिए गए ऋण पर ब्याज के भुगतान हेतु शीर्ष 2425-00-190-0011 अंतर्गत बिहार राज्य भंडारण निगम को दी गयी ₹10.09 करोड़ की राशि शामिल है।

ऑफ-बजट उधार के अलावा, लागत की वसूली न होने के कारण बिजली कंपनियों को ₹13,114.04 करोड़ की सब्सिडी भी उसी वर्ष प्रदान की गई। वर्ष 2023-24 के दौरान कोई गारंटी विलोपित नहीं की गई है।

(xviii) सिंगल नोडल एजेन्सी (एसएनए) को निधियों का अंतरणः

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र संख्या 1(13) पीएफएमएस/एफसीडी/2020 दिनांक 23.03.2021 के माध्यम से केंद्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस) के तहत धन जारी करने और सिंगल नोडल एजेन्सी (एसएनए) के माध्यम से जारी धन के उपयोग की निगरानी के लिए प्रक्रिया अधिसूचित की थी। प्रत्येक सीएसएस के लिए राज्य सरकार द्वारा सरकारी व्यवसाय संचालित करने के लिए एसएनए की स्थापना अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक में उसके बैंक खाते के साथ की जाती है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र दिनांक 16 फरवरी 2023 के अनुसार, राज्य सरकार को केंद्रांश के साथ-साथ राज्यांश को भी केंद्रांश प्राप्ति के 30 दिनों के अंदर एसएनए खाते में अंतरित करना होता है। एसएनए खाते में केंद्रांश के अंतरण में 30 दिनों से अधिक की देरी होने पर, राज्य सरकार को 01-04-2023 से 7% प्रति वर्ष की दर से दिनों की संख्या पर ब्याज का भुगतान करना होगा।

राज्य सरकार के अनुसार, वर्ष के दौरान, कोषागार खाते में ₹18,231.24 करोड़ केंद्रांश तथा ₹17,624.65 करोड़ (एसएनए रिपोर्ट के अनुसार) केंद्रांश प्राप्त हुआ। पीएफएमएस रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2024 तक, राज्य सरकार ने एसएनए को ₹18,173.89 करोड़ केंद्रांश तथा ₹12,971.30 करोड़ राज्ययांश अंतरित किया। इस प्रकार, कुल अंतरित राशि ₹31,145.19 करोड़ है। एसएनए को केंद्रांश के ₹57.35 करोड़ का कम अंतरण हुआ, जो इस सीमा तक नकद शेष को अतिदर्शित बताता है।

सीएफएमएस रिपोर्ट के अनुसार, ₹31,145.19 करोड़ के कुल अंतरण में से, ₹22,470.94 करोड़ जीआईए बिलों के माध्यम से और ₹8,674.25 करोड़ पूर्ण प्रमाणित आकस्मिक बिलों के माध्यम से अंतरित किए गए है। एसएनए से वास्तविक व्यय के विस्तृत वाउचर और सहायक दस्तावेज एजी कार्यालय को प्राप्त नहीं हुए है।

जैसा कि राज्य सरकार ने पीएफएमएस एसएनए-01 रिपोर्ट के माध्यम से बताया है, 31 मार्च 2024 तक एसएनए के बैंक खातों में ₹14,738.14 करोड़ बिना खर्च किए पड़े है।

एसएनए को केंद्रांश और राज्यांश अंतरण की राशि के संबंध में वित्त लेखा आंकड़ों और एसएनए रिपोर्ट के बीच अंतर का समाधान किया जा रहा है।

(xix) डीडीओ बैंक खाता में निधि का अंतरणः

बिहार कोषागार संहिता 2011 के नियम 177 के अनुसार, सरकारी कोषागार से कोई भी धनराशि तब तक नहीं निकाली जानी चाहिए जब तक कि तत्काल भुगतान करने की आवश्यक न हो। 52 अनुदानों में से 5 अनुदानों के डीडीओ द्वारा अपने बैंक खाते में धनराशि अंतरति करने से संबंधित जानकारी नीचे दी गई है:

(₹ करोड़ में)

मांग संख्या	2023-24 के दौरान राशि का अंतरण	2023-24 के दौरान कुल अंतरित राशि में से व्यय	31 मार्च 2024 तक अव्ययित राशि
10	16,155.90	16,130.27	25.62
34	21.09	19.35	1.74
43	21.22	13.98	7.23
44	14.90	12.00	2.90
50	1.78	1.67	0.11

4. आकस्मिक निधिः

बिहार आकस्मिक निधि अधिनियम, 1950 की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार ने बिहार राज्य की आकस्मिक निधि में धनराशि के भुगतान की अभिरक्षा तथा उसमें से धनराशि की निकासी से संबंधित या उससे सहायक सभी मामलों को विनियमित करने के लिए बिहार आकस्मिक निधि नियम, 1953 बनाया है। बिहार राज्य की आकस्मिक निधि में ₹350.00 करोड़ की धनराशि है। बिहार आकस्मिक निधि अधिनियम, 2015 के अनुसार, बिहार आकस्मिक निधि (संशोधन) अधिनियम, 2012 के लागू होने की तिथि से प्रत्येक वर्ष अस्थायी निधि में उस वित्तीय वर्ष के 30 मार्च तक उस वर्ष के व्यय बजट के 4 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। राज्य सरकार ने 01 अप्रैल 2023 से 30 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए अस्थायी आधार पर मुख्य शीर्ष '7999- आकस्मिक निधि में विनियोजन' के अंतर्गत बजटीय प्रावधान के माध्यम से कोष को ₹350.00 करोड़ से बढ़ाकर ₹10,000.00 करोड़ (₹350.00 करोड़ + ₹9,650.00 करोड़) कर दिया। ₹9,650 करोड़ की राशि मुख्य शीर्ष 8000 के अंतर्गत जमा की गई है। ₹9,650.00 करोड़ की पूरी राशि 30 मार्च 2024 के बाद मुख्य शीर्ष '7999-आकस्मिक निधि में विनियोजन' के अंतर्गत समेकित निधि में वापस कर दी गई है। 31 मार्च 2024 तक आकस्मिक निधि में ₹350.00 करोड़ का शेष है।

5. लोक लेखाः

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस):

01/09/2005 को या उसके बाद भर्ती हुए राज्य सरकार के कर्मचारी, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत आते हैं, जो परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना है। इस योजना के अनुसार, कर्मचारी को अपने मासिक वेतन का 10 प्रतिशत और राज्य सरकार को 14 प्रतिशत की दर से अंशदान करना होता है। पूरी राशि को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)/ट्रस्टी बैंक के माध्यम से नामित फंड मैनेजर को अंतरित करना होता है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, एनपीएस में अंतरित कुल राशि ₹3,402.09 करोड़ थी (कर्मचारियों का योगदान 10 प्रतिशत की दर से ₹1,387.46 करोड़ और सरकार का योगदान 14 प्रतिशत की दर से ₹1,984.79 करोड़ और सरकार द्वारा भुगतान किया गया ब्याज ₹29.84 करोड़)। सरकार के योगदान की विस्तृत जानकारी वित्त लेखे

खण्ड-।। के विवरण संख्या 15 अंतर्गत मुख्य शीर्ष 2071 और 2049 में उपलब्ध है। सरकार ने मुख्य शीर्ष 8342-117 परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत लोक लेखा खाते में ₹3,402.09 करोड़ अंतरित किए। एनपीएस में सरकार का योगदान ₹42.35 करोड़ से अधिक था (सरकार का वास्तविक योगदान ₹1,984.79 करोड़ घटाव सरकार का अपेक्षित योगदान ₹1,942.44 करोड़)। इस निधि में प्रारंभिक शेष ₹258.16 करोड़ था। सरकार ने 31 मार्च, 2024 तक ₹3,650.00 करोड़ एनएसडीएल को अंतरित कर दिए हैं, जिससे ₹10.24 करोड़ (₹3,660.24 करोड़ घटाव ₹3,650.00 करोड़) का शेष रह गया है, जिसे अभी एनएसडीएल को अंतरित किया जाना है। 2020-21 से पहले, नियोक्ता और कर्मचारियों का योगदान मुख्य शीर्ष 8011-106 में जमा किया गया था। 31 मार्च, 2024 तक, इस शीर्ष के अंतर्गत अंत शेष ₹40.87 करोड़ थी, जिसे एनएसडीएल को अंतरित किया जाना है। ₹51.11 करोड़ (₹10.24 + ₹40.87 करोड़) का अंतरित न किए जाने के परिणामस्वरूप सरकार का नकदी शेष उस सीमा तक अधिक दर्शाया गया है।

(ii) (अ) ब्याज सहित आरक्षित निधियाँः

(क) राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ):

राज्य आपदा मोचन निधि (मुख्य शीर्ष- '8121 सामान्य और अन्य आरक्षित निधियाँ' के अंतर्गत, जो ब्याज सहित अनुभाग के अंतर्गत आता है) के गठन और प्रशासन पर दिशानिर्देशों के अनुसार, केंद्र और राज्य सरकारों को 75:25 के अनुपात में निधि में योगदान करना आवश्यक है। वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को केन्द्रांश के रूप में ₹1,248.80 करोड़ प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का अंश ₹416.00 करोड़ है। राज्य सरकार ने मुख्य शीर्ष 8121-122 एसडीआरएफ के अंतर्गत निधि में ₹1,698.57 करोड़ (केन्द्रांश ₹1,248.80 करोड़, राज्यांश ₹416.00 करोड़ और एसडीआरएफ की निवेशित राशि से प्राप्त ब्याज ₹33.77 करोड़) अंतरित किए। मुख्य शीर्ष 2245 में ₹586.40 करोड़ की राशि को निधि से व्यय के रूप में सेट ऑफ किया गया तथा ₹1,000.00 करोड़ की राशि निधि से निवेशित की गई। 31 मार्च 2024 तक निधि में अंत शेष ₹2,800.04 करोड़ है।

2023-24 के दौरान राज्य सरकार को एनडीआरएफ के लिए केंद्र सरकार से कोई अनुदान नहीं मिला है।

(ख) राज्य आपदा शमन निधि (एसडीएमएफ):

राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005, की धारा 48 (1) (सी) के तहत राज्य आपदा शमन निधि (एसडीएमएफ) का गठन किया जाना है। यह कोष अनन्य रूप से राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ)/राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) दिशा-निर्देशों और समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत आने वाली आपदाओं के संबंध में शमन परियोजना के उद्देश्य से है।

राज्य सरकार ने अधिसूचना संख्या 01/-प्रा0आ0-(एनडीएमएफ/एसडीएमएफ)-56/2020/3182 दिनांक 07.07.2022 के तहत मुख्य शीर्ष 8121-130-राज्य आपदा शमन निधि के अंतर्गत एसडीएमएफ का गठन किया है।

केंद्र और राज्य सरकारों को 75:25 के अनुपात में निधि में योगदान करना आवश्यक है। वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को केंद्र सरकार के हिस्से के रूप में ₹304.80 करोड़ प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का हिस्सा ₹101.60 करोड़ है। राज्य सरकार ने ₹611.30 करोड़ (केन्द्रांश ₹453.50 करोड़ जिसमें पिछले वर्ष 2022-23 के ₹148.70 करोड़ शामिल हैं, राज्यांश ₹151.20 करोड़ जिसमें पिछले वर्ष 2022-23 के ₹49.60 करोड़ और एसडीएमएफ की निवेशित राशि से प्राप्त ब्याज ₹6.60 करोड़ शामिल हैं) को मुख्य शीर्ष 8121-130 एसडीएमएफ के तहत निधि में अंतरित कर दिया है। मुख्य शीर्ष 2245 में ₹223.52 करोड़ की राशि को निधि से व्यय के रूप में सेट ऑफ किया गया तथा निधि से ₹200.00 करोड़ की राशि का निवेश किया गया। 31 मार्च 2023-24 तक निधि में अंत शेष ₹759.80 करोड़ था।

(ग) राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि (एससीएएफ):

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकारों को राज्य के लोक लेखा में ब्याज सहित अनुभाग के तहत उपयोगकर्ता एजेंसियों से प्राप्त राशियों से राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि की स्थापना करना आवश्यक है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से ₹86.85 करोड़ प्राप्त हुए। ₹364.09 करोड़ की राशि मुख्य शीर्ष 2406 में एससीएएफ से प्राप्त व्यय के रूप में सेट ऑफ की गई। 31 मार्च, 2024 तक राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि में अंत शेष ₹289.47 करोड़ था।

(ब) ब्याज रहित आरक्षित निधियाँ:

(क) समेकित निक्षेप निधि: बिहार सरकार ने 30 मार्च 2009 में ऋणों के परिशोधन के लिए समेकित निक्षेप निधि की स्थापना की। निधि के दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य पिछले वर्ष के अंत तक की अपनी बकाया देनदारियों (आंतरिक ऋण: ₹2,08,098.10 करोड़ + लोक लेखे: ₹50,461.44 करोड़) का न्यूनतम 0.5 प्रतिशत समेकित निक्षेप निधि में योगदान कर सकते हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, सरकार ने ₹1,292.80 करोड़ के विरूद्ध ₹1,466.54 करोड़ का योगदान किया है। 31 मार्च 2024 तक निधि का कुल संचय ₹10,486.99 करोड़ (मूलधन ₹8,494.66 + ब्याज ₹1,992.33) (31 मार्च 2023 तक ₹8,320.73 करोड़) था।

(ख) गारंटी मोचन निधि:

राज्य सरकार ने बारहवें वित्त आयोग की सिफारिश के बावजूद 31 मार्च 2023 तक गारंटी मोचन निधि नहीं बनायी है। 31 मार्च 2024 तक बकाया गारंटियाँ ₹28,040.95 करोड़ (मूलधन: ₹26,715.26 करोड़ एवं गारंटी राशि पर ब्याज: ₹1,325.69 करोड़) थी।

वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य सरकार को गारंटी कमीशन/शुल्क के रूप में ₹36.05 करोड़ की राशि प्राप्त हुई।

(iii) केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ):

सीआरआईएफ का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे परियोजनाओं, रेलवे में सुरक्षा सुधार, राज्य और ग्रामीण सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचों के विकास और रखरखाव आदि के लिए किया जाएगा।

मौजूदा लेखांकन प्रक्रिया के संदर्भ में राज्य द्वारा केंद्र से प्राप्त अनुदान को शुरू में मुख्य शीर्ष 1601 के तहत राजस्व प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाना है। इसके बाद, प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा कार्यात्मक मुख्य शीर्ष के माध्यम से लोक लेखा के मुख्य शीर्ष 8449-103-केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि से प्राप्तियाँ में अंतरित किया जाना है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार ने सीआरआईएफ के लिए ₹258.43 करोड़ का अनुदान प्राप्त किया और उसे निधि में अंतरित कर दिया। सरकार ने मुख्य शीर्ष- 5054-सड़कों और पुलों पर पूंजीगत परिव्यय के अंतर्गत निधि से ₹258.43 करोड़ का व्यय किया।

(iv) उचंत तथा प्रेषण शेषः

वर्ष 2023-24 के दौरान, ₹771.07 करोड़ की राशि का व्यय (राजस्व ₹448.88 करोड़ और पूंजीगत ₹322.19 करोड़) और ₹0.18 करोड़ की प्राप्तियाँ मुख्य शीर्ष 8658, लघु शीर्ष-102-उचंत लेखा सिविल (आपत्ति पुस्तिका उचंत) और लघु शीर्ष-110-रिजर्व बैंक उचंत-केंद्रीय लेखा कार्यालय (व्यय ₹1.51 करोड़ और प्राप्तियाँ ₹4.26 करोड़) के अंतर्गत वाउचर/चालान/स्वीकृति पत्र आदि दस्तावेजों के अभाव में महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के कार्यालय द्वारा उचंत में रखा गया है। सरकार का कुल व्यय/प्राप्ति उस सीमा तक कम बताई गई है।

वित्त लेखे उचंत और प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत शुद्ध शेष दर्शाते हैं। इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष राशि, विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत बकाया डेबिट और क्रेडिट शेष को अलग-अलग एकत्रित करके गणना की गई। 31 मार्च 2024 तक, प्रमुख शीर्ष 8658, 8782 और 8793 के अंतर्गत बकाया शेष राशि क्रमशः ₹5,611.32 करोड़ (डेबिट), ₹1,125.44 करोड़ (डेबिट) और ₹2.07 करोड़ (डेबिट) थी।

इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष राशि का निपटान न होने से राज्य सरकार की प्राप्ति और व्यय के आंकड़ों और विभिन्न लेखा शीर्षों (जिन्हें वर्ष-दर-वर्ष आगे बढ़ाया जाता है) के अंतर्गत शेष राशि की सटीकता प्रभावित होती है।

(v) चेक, बिल तथा डिजिटल भुगतानः

मुख्य शीर्ष 8670-चेक और बिल के अंतर्गत जमा शेष, जारी किए गए लेकिन बिना भुगताए गये चेक को दर्शाता है। 01 अप्रैल 2023 को प्रारंभिक शेष ₹171.31 करोड़ (जमा) था। 2023-24 के दौरान, ₹1,94,189.97 करोड़ के चेक की राशि के इलेक्ट्रॉनिक पेमेन्ट एडवाईसेस जारी किए गए, जिसमे से ₹1,94,154.66 करोड़ को भुनाया गया और 31 मार्च 2024 को ₹206.63 करोड़ (जमा) की अंतिम राशि शेष थी। अंतिम शेष विभिन्न वित्तीय वर्षों में

विभिन्न कार्यात्मक मुख्य शीर्षों के तहत मूल रूप से दर्ज किए गए व्यय, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2024 तक बिहार सरकार को कोई नकद बहिर्वाह नहीं हुआ, को दर्शाता है।

डिजिटल भुगतान के मामले में, इलेक्ट्रॉनिक मोड से भुगतान आदेश को लेनदेन पूरा होने पर व्यय के रूप में माना जाता है। हालांकि, विफलता के मामले में जिसे 'ई-कुबेर (ई-भुगतान) असफल' लेनदेन कहा जाता है, लेनदेन के व्यवहार को 8658 में उचंत के रूप में माना जाता है। वर्ष 2023-2024 में, ई-कुबेर (ई-भुगतान) असफल लेनदेन के कारण ₹31.63 करोड़ की राशि उचंत के रूप में दर्ज की गई।

(vi) भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकरः

भारत सरकार ने श्रमिकों को लाभ प्रदान करने के लिए उपकर वसूलने एवं संग्रह करने हेतु भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (उपकर अधिनियम) लागू किया।

1 अप्रैल, 2023 तक उपकर का प्रारंभिक शेष ₹258.15 करोड़ था। वर्ष 2023-24 के दौरान, सरकार ने मुख्य शीर्ष 8443-108 के अंतर्गत श्रम उपकर के रूप में ₹119.61 करोड़ (उपकर का संग्रह 2022-23 में ₹104.95 करोड़ और 2021-22 में ₹122.23 करोड़ था) एकत्र किए और भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड को ₹153. 98 करोड़ (2022-23 में ₹92.91 करोड़ और 2021-22 में ₹51.41 करोड़ की तुलना में) अंतरित किए। इस प्रकार, 31 मार्च 2024 तक मुख्य शीर्ष 8443-108 से अअंतरित राशि ₹223.78 करोड़ थी, जिसने नकदी शेष को अतिदर्शित किया।

(vii) सरकार द्वारा आरोपित अन्य उपकरः

(क) सड़क सुरक्षा उपकरः

बिहार मोटर वाहन कराधान (संशोधन) अधिनियम, 2016, की धारा 6 बी के अनुसार, राज्य सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा 'बिहार सड़क सुरक्षा निधि' नामक एक निधि स्थापित कर सकती है। हालाँकि, 31 मार्च 2024 तक राज्य सरकार द्वारा ऐसा कोई निधि नहीं बनायी गयी है।

वर्ष 2023-24 के दौरान सरकार, सरकार ने मुख्य शीर्ष 0041-00-102-0002 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा उपकर के रूप में ₹188.12 करोड़ (2022-23: ₹159.13 करोड़ और 2021-22: ₹132.29 करोड़) संग्रहित किए और मोटर वाहन कराधान अधिनियम 2016 के प्रावधान के अनुसार, राज्य सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा परिचालित नामित बैंक खाते में शीर्ष 2041-00-101-0005 के माध्यम से ₹23.77 करोड़ (2022-23: ₹7.63 करोड़ और 2021-22: ₹15.89 करोड़) अंतरित किए गए।

(ख) भूमि उपकरः

सरकार ने मुख्य शीर्ष 0029-00-103-0002 के अंतर्गत भूमि उपकर की राशि के रूप में ₹1.49 करोड़ (2022-23: ₹1.26 करोड़ और 2021-22: ₹1.28 करोड़) एकत्र किए। हालाँकि, इस उपकर के लिए राज्य सरकार द्वारा 31 मार्च 2024 तक कोई निधि नहीं बनाई गई है।

(viii) राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) को प्रेषणः

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) की स्थापना अगस्त 2015 को खान और खनिज (विकास और विनियमन)-एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 9सी (1) (2015 में संशोधन द्वारा सम्मिलित) के अंतर्गत गई थी। अधिनियम की धारा 9 सी (4) में कहा गया है कि खनन पट्टे या खनिज रियायत के धारक ट्रस्ट को दूसरी अनुसूची के अनुसार भुगतान की गई रॉयल्टी के दो प्रतिशत के बराबर राशि का भुगतान उस प्रकार करना होगा, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जा सकता है।

एनएमईटी नियम, 2015 के नियम 7(6) में कहा गया है कि संग्रहित राशि को ट्रस्ट फंड में जमा करने और केंद्र सरकार के साथ साझा किए जाने वाले आवश्यक खातों को बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इसके अलावा, नियम 7(7) में कहा गया है कि राज्य सरकार अधिनियम की धारा 9सी की उपधारा (4) के अनुसार भुगतान की गई राशि और रॉयल्टी भुगतान के बारे में राज्य सरकार मासिक आधार पर भारत खान ब्यूरो को जानकारी प्रदान करेगी।

एनएमईटी (संशोधित) नियम, 2018 के नियम 7(1) में कहा गया है कि खनन पट्टा या पूर्वेक्षण लाइसेंस-सह-खनन पट्टा धारक, राज्य सरकार को रॉयल्टी का भुगतान करते समय, ट्रस्ट को अधिनियम की धारा 9सी की उपधारा (4) के तहत रॉयल्टी के दो प्रतिशत के बराबर राशि का भुगतान करेगा, जिसे इस उद्देश्य के लिए दर्ज किए गए शीर्ष के तहत राज्य के सार्वजनिक खाते में जमा करना होगा। इसके अलावा, नियम 7(2) में कहा गया है कि राज्य सरकार उप-नियम (1) के तहत राज्य के सार्वजनिक खाते में एकत्र की गई राशि को भारत के समेकित निधि में अंतरित करेगी।

खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एफ.सं. 8/1/2015-एनएमईटी दिनांक 05.04.2018 के अंतर्गत अधिसूचित नई लेखा प्रक्रिया के अनुसार, खनन पट्टा या पूर्वेक्षण लाइसेंस-सह-खनन पट्टा धारक, राज्य सरकार को रॉयल्टी का भुगतान करते समय, रॉयल्टी के दो प्रतिशत के बराबर राशि एनएमईटी अंशदान के रूप में ट्रस्ट को देगा, जिसे मुख्य शीर्ष 8449-123-एनएमईटी जमा के अंतर्गत राज्य के लोक खाते में जमा करना होगा। मुख्य शीर्ष 8449-123-एनएमईटी जमा के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा एकत्र की गई प्राप्तियाँ उसी शीर्ष को डेबिट करके मासिक आधार पर केंद्र सरकार को अंतरित की जाएंगी। एनएमईटी निधि भारत के लोक लेखे के अंतर्गत बनाया गया अव्यपगत और ब्याज रहित निधि है।

वर्ष 2023-24 के दौरान मुख्य शीर्ष 8449-123 में ₹0.36 करोड़ की राशि जमा की गई। हालांकि, वर्ष के दौरान भारत की संचित निधि में कोई राशि अंतरित नहीं की गई है। मुख्य शीर्ष 8449-123 के अंतर्गत अंत शेष ₹2.15 करोड़ था। ₹2.15 करोड़ का अंतरण न किए जाने के परिणामस्वरूप नकद शेष राशि अतिदर्शित दिखाया गया है।

(ix) प्रतिकूल शेषः

प्रतिकूल शेष एक ऐसी स्थिति है, जब वित्तीय वर्ष के अंत में शेष राशि पर बंद होने वाला लेखा शीर्ष ऋणात्मक शेष दर्शाता है, डेबिट/(-)क्रेडिट शेष देयता शीर्षों या ऐसे शीर्षों का प्रतिनिधित्व करता है जहाँ इसमें सामान्य रूप से क्रेडिट शेष होना चाहिए, और क्रेडिट/(-)डेबिट शेष संपत्ति शीर्षों या शीर्षों का प्रतिनिधित्व करता है जहां इसमें सामान्य रूप से डेबिट शेष होना चाहिए। लेखा शीर्ष में प्रतिकूल शेष गलत वर्गीकरण, निधियों की उपलब्धता से अधिक संवितरण, प्राप्त अंशदान से अधिक संवितरण, एक लेखा इकाई से दूसरी में शेष राशि को आगे नहीं ले जाने, राज्यों/अधिक लेखा इकाइयों के निर्माण के लिए प्रशासनिक पुनर्गठन आदि के कारण उत्पन्न होता है। 2023-24 में, मुख्य शीर्ष 7610 में ₹0.26 करोड़ का नया प्रतिकूल शेष था। 31 मार्च 2024 के अंत तक 15 शीर्षों में संचयी प्रतिकूल शेष दिखाई देता है, जैसा कि विस्तार से नीचे बताया गया है।

(₹ करोड़ में)

क्रम संख्या	मुख्य शीर्ष	मुख्य शीर्ष विवरणी	मदों की संख्या	ऋण शेष
1	6003	राज्य सरकार का आंतरिक ऋण	5	(-) 2.95
2	6215	जलापूर्ति तथा सफाई के लिए कर्ज	1	(-) 0.08
3	6216	आवास के लिए कर्ज	3	(-) 0.13
4	6245	प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत के लिए कर्ज	3	(-) 2.83
5	6401	फल कृषि कर्म के लिए कर्ज	1	(-) 0.01
6	6425	सहकारिता के लिए कर्ज	4	(-) 588.21
7	6851	ग्राम तथा लघु उद्योगों के लिए कर्ज	3	(-) 1.38
8	6885	उद्योग तथा खनिज को अन्य कर्ज	2	(-) 0.03
9	7610	सरकारी कर्मचारियों आदि को कर्ज	7	(-) 17.33
10	8009	राज्य भविष्य निधि	3	(-) 593.95
11	8336	सिविल जमा (ब्याज सहित)	1	(-)0.55
12	8443	सिविल जमा (ब्याज रहित)	3	(-)0.54
13	8448	स्थानीय निधियों की जमा	1	(-) 1.00
14	8550	सिविल अग्रिम	1	(-) 3.41
15	8793	अंतर राज्य उचंत लेखा	1	(-) 0.01

(x) रोकड़ शेषः

महालेखाकार (लेखा एवं हक०) के अभिलेखों के अनुसार, 31 मार्च 2024 तक नगद शेष ₹726.68 करोड़ (डेबिट) था और और आरबीआई की सूचना के अनुसार ₹19.94 करोड़ (डेबिट) था। मुख्य रूप से ट्रेजरी/आरबीआई/एजेंसी बैंक और एजी कार्यालय के बीच लंबित समाधान के कारण ₹746.62 करोड़ का शुद्ध अंतर था। अंतर मिलान के अधीन है। पिछले वर्ष, यानी 31 मार्च 2023 तक की स्थिति ₹612.28 करोड़ थी।

6. विशेष मुद्देः

(क) पेंशन देनदारियों और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का बंटवाराः बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 की धारा 53 अंतर्गत आठवीं अनुसूची के संदर्भ में, बिहार और झारखंड के उत्तराधिकारी राज्यों के कर्मचारियों की पेंशन देनदारियाँ 15 नवंबर 2000 (बिहार और झारखंड राज्यों के विभाजन की तिथि) से 31 मार्च 2001 तक और प्रत्येक आगामी वित्तीय वर्ष में कर्मचारियों की संख्या के अनुपात में उत्तराधिकारी राज्य बिहार और झारखंड के बीच विभाजित की जाएगी। हालाँकि, 18 जून 2018 को गृह सचिव, भारत सरकार, की अध्यक्षता में बिहार सरकार और झारखंड सरकार के मुख्य सचिवों के साथ हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, उत्तराधिकारी राज्यों के बीच पेंशन देनदारियों को जनसंख्या अनुपात यानी 645.30:218.44 के आधार पर विभाजित किया जाएगा। बिहार सरकार को 31 मार्च 2021 तक ₹5,787.84 करोड़ के कुल दावे में से 2018-19 तक ₹1,493.95 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है।

(ख) राज्यों के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप शेष राशि का आवंटनः बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 उस तरीके का प्रावधान करता है जिससे 15 नवंबर 2000 (बिहार और झारखंड के राज्यों के विभाजन की तारीख) से उत्तराधिकारी राज्यों बिहार और झारखंड के बीच शेष राशि का वितरण किया जाना है। 14 नवंबर 2000 को पूंजीगत अनुभाग (मुख्य शीर्ष 4059 से 5475), ऋण और अग्रिम (मुख्य शीर्ष 6202 से 7615) के अंतर्गत प्रगतिशील व्यय के रूप में और भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा निधि को छोड़कर भाग ।।। लोक लेखे के तहत शेष को 15 नवंबर 2000 से 31 मार्च 2001 की अवधि के लिए बिहार के वित्त लेखे में आदि शेष के रूप में अंतरित किया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रखे गए नकद शेष और सार्वजनिक ऋण के तहत शेष को विभाजित किया गया है, पूंजी अनुभाग के तहत शेष ₹11,935.23 करोड़, ऋण तथा अग्रिम के तहत शेष ₹6,583.36 करोड़ और लोक लेखा के तहत शेष ₹7,369.90 करोड़ (क्रेडिट ₹9,760.42 करोड़ एवं डेबिट ₹2,390.52 करोड़) अनिर्धारित रहे। विवरण वित्त लेखे खण्ड-II 2023-24 के **परिशिष्ट-XIII** में दिए गए हैं।

7. प्राप्ति, व्यय और नकदी शेष पर प्रभावः

राज्यों के वित्त पर गलत वर्गीकरण/वैधानिक प्रावधानों के गैर-अनुपालन का राजस्व एवं पूँजीगत व्यय पर प्रभाव, जैसा कि पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में बताया गया है, नीचे सारणीबद्ध है:

(₹ करोड़ में)

पैरा संख्या	मद (उदाहरण)	राजस्व व्यय अतिदर्शित	राजस्व व्यय न्यूनदर्शित	पूँजीगत व्यय अतिदर्शित	पूँजीगत व्यय न्यूनदर्शित	राजस्व प्राप्ति अतिदर्शित	राजस्व प्राप्ति न्यूनदर्शित	अंत शेष अतिदर्शित	अंत शेष न्यूनदर्शित
3(ii) (a)	राजस्व एवं पूँजीगत व्यय के बीच गलत वर्गीकरण	0.21	22.53	22.53	0.21				
3(viii)	राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि पर ब्याज की गैर-अदायगी		9.59						
3(viii)	एसडीआरएफ पर ब्याज की कम अदायगी		99.45						
3(viii)	एसडीएमएफ पर ब्याज की कम अदायगी		46.76						
3(xviii)	एसएनए को निधि का अअंतरण							57.35	
5(i)	परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना की राशि का अअंतरण							51.11	
5(vi)	श्रम उपकर का भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड को अअंतरण							223.78	
5(vii)	सड़क सुरक्षा उपकर को अअंतरण		164.35					164.35	
5(viii)	राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) को निधि का अअंतरण							2.15	
कुल		**0.21**	**342.68**	**22.53**	**0.21**	**0.00**	**0.00**	**498.74**	**0.00**
कुल (निवल) प्रभाव		**0.00**	**342.47**	**22.32**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**498.74**	**0.00**

© भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
www.cag.gov.in

https://cag.gov.in/ae/bihar/hi